<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 20.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार से और चंपाई सोरेन सरायकेला से लड़ेंगे चुनाव, कांके, सिमरिया और जमुआ से विधायक रहे नेताओं को इस बार भाजपा से नहीं मिला टिकट।
- इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर राजद ने जतायी नाराजगी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा– गठबंधन में विचार विमर्श के बाद लिया गया सीटों पर फैसला।
- झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने विधानसभा में नियुक्ति–प्रोन्नति मामले में गड़बड़ी की प्रारंभिक जांच शुरू की।
- झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस कैडर के पदाधिकारियों को होमगार्ड कैडर में कंपनी कमांडर के पद पर तबादला किए जाने के आदेश पर लगायी रोक, राज्य सरकार से मांगा जवाब।
- मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण 23 अक्टूबर से झारखंड में मौसम बदलाव के दिये संकेत, 24 और 25 अक्टूबर को बारिश का जताया अनुमान।

<u>*****************</u>

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि झामुमो से भाजपा में शामिल हुए चंपाई सोरेन सरायकेला से और सीता सोरेन जामताड़ा से चुनाव लड़ेंगी। वहीं चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से भाजपा ने टिकट दिया है। इधर, रांची सीट से सीपी सिंह और हटिया से नवीन जायसवाल पर पार्टी ने भरोसा जताया है। इस बार कांके विधायक समरीलाल, जमुआ विधायक केदार हाजरा और सिमरिया विधायक किशुन दास को पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। कांके से जीतू चरण राम, सिमरिया से उज्जवल दास और जमुआ से मंजू देवी को टिकट मिला है। वहीं बेरमो सीट से पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय को टिकट मिला है। गांडेय सीट से मुनिया देवी को मैदान में उतारा गया है। यहां इनका मुकाबला कल्पना सोरेन से होगा। भाजपा ने जमशेदपुर पूर्वी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास को मौका दिया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पोटका से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को मौका दिया है।

<u>*****************</u>

इधर, बरहेट सीट पर लुईस मरांडी के इनकार के बाद पार्टी इस सीट पर दोबारा मंथन कर रही है। वहीं टुंडी सीट पर आजसू के साथ सीट बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय नहीं होने के कारण अभी इस सीट पर नाम तय नहीं किया गया है। इन दोनों सीटों पर पार्टी जल्द सूची जारी करेगी।

<u>*****************</u>

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीटों के आधार पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गयी है। अब सभी प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में डटकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार सत्ता परिवर्तन होगा और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी। लोग राज्य में सरकार बदलने के लिए चुनाव का इंतजार कर रहे थे।

भाजपा में के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बढ़िया प्रदर्शन करेगी।

<u>*****************</u>

इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर राष्ट्रीय जनता दल ने नाराजगी जतायी है। पार्टी के नेता मनोज झा ने कहा कि राजद नेताओं से बातचीत किये बिना सीटों का बंटवारा कर लिया गया।

वहीं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजद की नाराजगी पर कहा कि इंडी गठबंधन में सभी दल एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि आपसी विचार विमर्श के बाद ही सीटों के बंटवारे पर फैसला लिया गया है।

गौरतलब है कि झामुमो और कांग्रेस ने 70 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने निर्णय लिया है जबकि गयारह सीटों पर सहयोगी दल राजद और माले चुनाव लड़ेंगे।

*****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का समय अलग–अलग रखने पर आपत्ति जतायी है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान का समय रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक घंटा कम समय मिलने के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित होगा। उन्होंने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसमें संशोधन की मांग की है।

*****************

गोमिया से आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद तेनुघाट स्थित जुबली मैदान में नामांकन सभा को आयोजन होगा। इस सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और एनडीए के वरीय नेता संबोधित करेंगे।

गौरतलब है कि दूसरे चरण की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी हो जायेगी। इसी के साथ नामांकन प्रपत्र खरीदने और पर्चा भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने झारखंड विधानसभा में नियुक्ति–प्रोन्नति मामले में गड़बड़ी की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। इधर विधानसभा ने इस मामले में सीबीआई जांच को सुप्रीम कोर्ट में चुनौति दी है।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस कैडर के पदाधिकारियों को होमगार्ड कैडर में कंपनी कमांडर के पद पर तबादला किए जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। तत्कालीन पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने 13 सितंबर 2024 को झारखंड के विभिन्न जिलों में पदस्थापित सब–इंस्पेक्टर रामजी कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारियों को होमगार्ड में कंपनी कमांडर के पद पर तबादला किया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को 21 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

*****************

विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ...और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण झारखंड में 23 अक्टूबर से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में दो से तीन दिनों तक इसका असर देखने को मिल सकता हैं। आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है और कई स्थानों पर छिटपुट बारिश भी हो सकती है। कई जगहों पर गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं।

*****समाप्त***********